हिंदी दिवस की शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 63 | इंदौर, शनिवार 14 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### क्या दिक्कत है ?

हीट को ताप कहने में।
यू को आप कहने में।
स्टीम को भाप कहने में।
फादर को बाप कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

बेड को ख़राब कहने में।
वाईन को शराब कहने में।
बुक को किताब कहने में।
सॉक्स को ज़ुराब कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

डिच को खाई कहने में।
आंटी को ताई कहने में।
बर्बर को नाई कहने में।
कुक को हलवाई कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

इनकम को आय कहने में।
जस्टिस को न्याय कहने में।
एडवाइज़ को राय कहने में।
मिल्कटी को चाय कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

फ्लैग को झंडा कहने में।
स्टिक को डंडा कहने में।
कोल्ड को ठंडा कहने में।
ऐग को अंडा कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

बीटिंग को कुटाई कहने में।
वॉशिंग को धुलाई कहने में।
पेंटिंग को पुताई कहने में।
वाइफ को लुगाई कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

स्मॉल को छोटी कहने में।
फेट को मोटी कहने में।
टॉप को चोटी कहने में।
ब्रड को रोटी कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

ब्लैक को काला कहने में।
लॉक को ताला कहने में।
बाउल को प्याला कहने में।
जेवलीन को भाला कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

गेट को द्वार कहने में।
ब्लो को वार कहने में।
लव को प्यार कहने में।
हॉर को छिनार कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

लॉस को घाटा कहने में।
मील को आटा कहने में।
प्रोंग को काँटा कहने में।
स्लेप को चाँटा कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

टीम को टोली कहने में।
रूम को खोली कहने में।
पैलेट को गोली कहने में।
ब्लाउज़ को चोली कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

ब्रूम को झाड़ कहने में।
हिल को पहाड़ कहने में।
रॉअर को दहाड़ कहने में।
जुगाड़ को जुगाड़ कहने में।


### क्या दिक्कत है ?

नाईट को रात कहने में।
कास्ट को जात कहने में।
टॉक को बात कहने में।
किक को लात कहने में।

### क्या दिक्कत है ?

सन को संतान कहने में।
ग्रेट को महान कहने में।
मेन को इंसान कहने में।
गॉड को भगवान कहने में।

**- (मनीष गोस्वामी की वॉल से साभार)**




चिंतन और संवाद







**मोरारी बापू**

# भरोसो ....

## भरोसे का मतलब आप समझते हैं...

भ ....का अर्थ होता है भरत... एक-एक अक्षर में भरोसा समझाऊं... भ का अर्थ है भरत...मोहे रघुवीर भरोस....भरत का भरोसा ये भरोसे का आरंभ है... भरत जैसा भरोसा... भरत जैसा भाव.... भरत जैसी भिनाश (भीगापन)....

र ...का अर्थ है राम का भरोसा... कौन सा भरोसा ....कोई सच्चा साधु ये नहीं कहेगा कि मैं तेरी पीड़ा मिटा दूं ....

राम तेरी पीड़ा मिटाएगा... मैं प्रार्थना करूंगा....

स .... सीता का भरोसा... कितना भी सहन करना पड़े... पृथ्वी सहन करती है... भरोसे में सहन तो करना पड़ेगा ...सहन बहुत करना पड़ेगा... आखिरी समय तक... तैयार होना पड़ता है....

भरोसा एक बहुत बड़ा बल है याद रखना... भरोसे के समान कोई बल नहीं...जिसके पास भरोसा है वो अतुलित बलधाम है... बहुत बल है... और वो बल विघटन वादी नहीं है ...संवादी बल होता है... जोड़ने वाला बल... सेतु करने करने वाला बल...

तुलसी कहते हैं.....

एक भरोसो एक बल एक आस विश्वास
स्वाति-सलिल रघुनाथ-जस चातक तुलसीदास

भरोसा ...भरोसा... बोलने से काम नहीं चलेगा... भरोसे का प्रयोग हो... कहो परमात्मा को ....मेरी कसौटी कर ...मेरे भरोसे को पास कर....

हाथ ऊपर उठाकर कहो कि कसौटी कर... हमें अनुभव में आ जाए कि भरोसा क्या काम करता है....

भरोसा तो मुझे कभी-कभी लगता है एक स्वरुप धारण कर लेता है...

**( बापू की "रामकथा - मानस मंत्राष्टक" से सादर साभार )**

**संपादित @ पुष्पेंद्र पुष्प**

# तीन भवनों के बेसमेंट की व्यावसायिक संस्थानों को किया सील

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में लगातार प्रभावी और परिणाममूलक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बेसमेंट पर व्यावसायिक उपयोग करने वालों के विरूद्ध आज से कार्रवाई प्रारंभ की गई। जिला प्रशासन, पुलिस तथा नगर निगम के संयुक्त अमले द्वारा आज बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन भवनों के बेसमेंट के व्यावसायिक संस्थानों को सील किया गया। कब्जा हटाने से पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी और यातायात बाधित नहीं होगा। उक्त तीनों जगह मुक्त होने पर लगभग एक हजार दो पहिया/चार पहिया वाहनों की पार्किंग हो सकेगी।



इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार इंदौर में बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर चल रही अन्य गतिविधियों के संबंध में पूर्व में नगर निगम इंदौर द्वारा नोटिस दिए गए थे। उक्त नोटिस के उपरांत भी संस्थानों के द्वारा बेसमेंट की पार्किंग का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। इस संबंध में आज अनुविभागीय अधिकारी जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर के नेतृत्व में पुलिस तथा नगर निगम इंदौर के संयुक्त दल द्वारा एम जी रोड एवं ग्रेटर कैलाश रोड स्थित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें एम.जी. रोड स्थित खंडेलवाल सुजुकी, कासलीवाल होंडा का सर्विस सेंटर बेसमेंट में संचालित होना पाया गया , जिन्हें मौके पर सील किया गया। इसी प्रकार ग्रेटर कैलाश रोड स्थित नवनीत प्लाजा में पार्किंग के स्थान पर दुकानें संचालित होना पाई गई जिन्हें जन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मौके सील किया गया। उक्त संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी । बताया गया कि उक्त तीनों जगह मुक्त होने पर लगभग एक हजार दो पहिया/ चार पहिया वाहनों की पार्किंग हो सकती है। उक्त सभी वाहन अभी रोड पर पार्क होते हैं, इससे यातायात बाधित होता है।

# कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** कानून व्यवस्था को कायम रखने, जन सामान्य के हित तथा जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में पुलिस कमिश्नर श्री राकेश गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत अनेक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता द्वारा जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह इंदौर में बगैर अनुमति के किसी भी तरह के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जनसामान्य को खतरे वाले आपत्तिजनक हथियारों, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री आदि पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। भड़काऊ अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पाये जाने पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व रहेगा। उत्तेजनात्मक भाषण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के बगैर लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर गर्भपात/गर्भ समापन औषधियों के विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एक अन्य आदेश में किरायेदारों, घरेलू कामगारों, व्यावसायिक कर्मचारियों, छात्रावासी विद्यार्थियों, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों, मजदूरों, पेइंग गेस्ट आदि की सूचना भी संबंधित थाने पर दिया जाना जरूरी किया गया है।

## बिजली कंपनी के नए मुख्य महाप्रबंधक ने संभाला पदभार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नए मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह से भेंट की। प्रबंध निदेशक ने मुख्य महाप्रबंधक को राज्य शासन एवं कंपनी की प्राथमिकताएं बताई। श्री चौहान का संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय, श्री तरूण उपाध्याय समेत अन्य कर्मचारियों, अधिकारियों ने भी स्वागत किया।

## नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन

**इंदौर।** म प्र राज्य कर्मचारी संघ एवं वि बिलिवर्श मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आकाश कैलाश विजयकर्गीय विषेश अतिथि एम. आयसी सदस्य व पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया अध्यक्षता मप्र राज्य कर्मचारी संध के संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी ने की स्वागत बिजनेस लीडरशिप ट्रेनिंग देने वाले अजय जाट, एड्व्हेकेट सुबोध त्रिपाठी, उमेश जाट ने किया । संस्था के बारे में बिजनेस लीडरशिप ट्रेनिंग देने वाले अजय जाट ने बताया कि कम्पनी काफी समय से बिजनेस कर रही है। इसमें युवाओं को डायरेक्ट सेलिंग अपॉर्चुनिटी प्रदान की जाती हैं। कंपनी पूरे देश में काम कर रही हे । कम्पनी ने पूरे देश में कई लोगो को रोजगार उपलब्ध करा रखा हे। जिस तरह से बेरोजगारी बड़ रही है। कंपनी द्वारा युवाओं को लीडरशिप ट्रेनिंग के माध्यम से बिजनेस के लिए प्रेरित किया जाता है । इस अवसर पर म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के शिवनारायण शर्मा, राकेश कुमार वर्मा, जगदीश सोनी, एम.डी . यादव,कार्यक्रम में कंपनी के नितिन ठाकुर, उमेश जाट, लालसिंग, महेश चौधरी, धर्मेंद्र, कृष्णा, संदीप ठाकुर आदि मौजूद थे।

# छावनी में 500 स्क्वेयर फिट में विशाल मण्डलजी की रचना

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पर्यूषण पर्व के अन्तर्गत धूप दशमी के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर छावनी मे 500 स्क्वेयर फिट की विशाल मण्डल रचना श्री नेमीनाथ नवरंग मण्डल के 50 से अधिक कलाकारों द्वारा की गयी, मण्डल का शुभारंभ संरक्षक श्री जयसेन जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर देवेन्द्र जैन, अनीस सोनी, श्रीमती संगीता जैन, अंकित जैन, शुभम जैन, अमित जैन, श्रेणिक जैन, शान्तनु जैन, नेमीचंद लुहाड़िया, सुशील गोधा, सुनील बिलाला, सुरेश जैन, नरेश जैन एवं आगम जैन उपस्थित थे।**

ज्योतिषाचार्य एम के जैन ने बताया कि इसमें इन्दौर के ट्राफिक व्यवस्था को दर्शाया गया है जिस प्रकार ट्रेफिक नियमों का उलंघन करने पर जान माल के नुकसान का अंदेशा रहता है उसी प्रकार दशलक्षण धर्म, सोलह कारण भावना, पंचपरमेष्ठी के उपदेश एवं रत्नत्रय की विराधना करने पर संसार में जन्ममृत्यु का क्रम सतत् चलता रहेगा, मोक्ष रूपी राजबाड़ा महल मे प्रवेश करना है तो उक्त धर्मो का आलंबन लेना ही होता है, मण्डल एवं झांकी को 13 सितम्बर के अलावा भी अनन्त चतुर्दशी तक दर्शक देख पायेंगे, मुख्य आकर्षण सेल्फी पॉइण्ट रहेगा, ऊंची हाइट के मंच से मण्डल देखने की व्यवस्था रहेगी, कार्यक्रम का संचालन नरेश जैन ने किया एवं आभार पंकिल जैन माना

# संस्था में संचालित पी.पी.कोर्स के प्रशिक्षुओं को ग्राम भ्रमण कराया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** सामुदायिक पुलिसिंग के दृष्टिगत संस्था प्रमुख उमनि/ निदेषक महोदय के निर्देशानुसार संस्था में संचालित पी-पी-कम सेकेण्ड ग्रेड सहा- उप निरी- (रेडियो) से उप निरी (रेडियो) कोर्स क्रमांक 5 के प्रशिक्षुओं को ग्राम माली बडोदिया, तहसील हातोद जिला इन्दौर को भ्रमण कराया जाकर ग्रामिणों से उनकी समस्याओं को जानने तथा पुलिस की महत्तवपूर्ण जन उपयोगी योजनायें जैसे सिटीजन कॉप ऐप, डायल-100, सीसीटीवी, महिलाओं पर होने वाले अपराध एवं उनसे बचाव के तरिके तथा सायबर फ्राड जैसे डिजिटल अरेस्ट, लाटरी के लालच व अंजान लिंक पर क्लीक करने से बचने हेतु ग्रामीणजन के प्रश्नों का उत्तर दिया जाकर उनकी शंका को दूर किया गया। संस्था के पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर चंद्रावत के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक राजिन्दर सिंह वर्मा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम को सूचारु रुप से संचालित करने में उप निरी. (रेडियो) बी.एल. जायसवाल, उप निरी.(रेडियो) भागवत सिंह, स.उ.नि.(रेडियो) राकेश सिंह चौहान, स.उ.नि.(रेडियो) सुरेन्द्र कुमार यादव, प्र.आर.(रेडियो) रामकृष्ण ठाकुर तथा प्र.आर. (चालक) लक्ष्मण यति का सराहनीय योगदान रहा।

# गणेश उत्सव में आज संगीत की शानदार प्रस्तुति

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** नगर की 114 वर्ष पुरानी मराठी भाषी संस्था अहिर सुवर्णकार समाज सोनरवाड़ा में आयोजित श्री गणेश उत्सव समारोह पूरे 10 दिवसीय उत्सव में विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही सांस्कृतिक , सामाजिक कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं । समाज अध्यक्ष दीपक पेठकर और समाज के उत्सव मंत्री नितिन धारकर ने बताया की शहर की सबसे पुरानी 1911 में स्थापित संस्था में कार्यक्रम किए जा रहे हैं यह 74 वां वर्ष है। इसी कड़ी में 14/9/24 शनिवार को नायिका और ख्यात गायिका शोभना विस्पुते और टीम द्वारा संगीत की शानदार प्रस्तुति शाम 7 बजे से दी जाएगी जिसका उदघाटन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति सखाराम यादव दीप प्रज्वलित कर करेंगे। वही रविवार 15/9/24 शाम 4 बजे से मराठी फूड फेस्टिवल जत्रा का आयोजन भी समाज भवन सोनरवाड़ा में किया जाएगा।

# पत्रकार रमण रावल की मोदी पर लिखी तीसरी पुस्तक का लोकार्पण

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** नरेंद्र मोदी उस वैश्विक नेता का नाम है, जब वे गुजरात के मुख्य मंत्री थे,तब वे एक कमरे में ही रहते थे, रोजाना 2 घंटे ध्यान योग करते और कंबल बिछाकर ही सोते ।यह मैंने प्रत्यक्ष देखा है। ऐसे त्यागी व्यक्ति हम सबके आदर्श हैं और आने वाले दौर में समाज मोदी के प्रति वैसी ही आस्था और सम्मान रखेगा,जैसा हम आज गाँधी,सुभाष, सरदार पटेल जैसे महामानव के प्रति रखते हैं।

एक गरिमामय समारोह में आध्यात्मिक संत ध्यान योगी उत्तम स्वामी जी ने यह बात पत्रकार रमण रावल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी तीसरी पुस्तक युग पुरुष मोदी के लोकार्पण अवसर पर कही। इससे पूर्व रावल 2014 में मोदी युग व 2019 में युग-युग मोदी लिख चुके हैं। अपने संबोधन में महर्षि उत्तम स्वामी ने कहा कि किसी की मीन मेख निकालना सबसे आसान है, लेकिन किसी की प्रशंसा करना या उसकी अच्छाइयों को कलम बद्ध करना कठिन है। लेखक रमण रावल ने यह किया, इसके लिए वे साधुवाद के पात्र है। यह कार्य चार धाम और सप्तपुरियों की यात्रा के समान है। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि मोदी के प्रधान सेवक बनने के बाद देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य में जबरदस्त प्रगति हुई। सारी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा।आज विश्व में भारत पांचवें पायदान पर है और बहुत जल्द वह तीसरे और एक दिन वह सबसे ऊँचे स्थान पर होगा। अब भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। वरिष्ठ पत्रकार राजा शर्मा ने कहा कि बिना गुरु कृपा से कोई सिद्धि नहीं मिलती है। संतो का सानिध्य और सत्संग अच्छे कर्मो से मिलता है। अपने संबोधन में पुस्तक युग पुरुष के लेखक रमण रावल ने कहा कि अपनी तीनों पुस्तक में मैंने 2011 से 2024 तक के नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर,उपलब्धि,भारत की विश्व में बढ़ती प्रतिष्ठा,समग्र विकास और सनातनी मूल्यों की पुनर्स्थापना को रेखांकित करते हुए लिखे गये लेखों का संकलन किया है, जो देश के समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए हैं। मोदी सफल प्रधानमंत्री ही नहीं, बेहतरीन इंसान है। उनका चुम्बकीय व्यक्तित्व और याददाश्त किसी को भी अपनी और आकर्षित कर लेती है।अतिथि स्वागत श्रीमती रेखा रावल, कमलेश मिश्रा, आर.के. शर्मा,उत्सव शर्मा, श्यामसलोनी रावल, पूनम शर्मा,पंकज जोशी,महेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति कर्मी संजय पटेल ने किया। आयोजन श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागार में हुआ।

# बिना अनुमति आयोजन पर लगाया प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कानून व्यवस्था को कायम रखने, जन सामान्य के हित तथा जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत अनेक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।**

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता द्वारा जारी किये गये प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रूप में पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह इंदौर में बगैर अनुमति के किसी भी तरह के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जनसामान्य को खतरे वाले आपत्तिजनक हथियारों, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री आदि पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाए भडकाने वाली पोस्ट पर भी प्रतिबंध

सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली पोस्ट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। भड़काऊ अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पाये जाने पर ग्रुप एडमिन का उत्तरदायित्व रहेगा। उत्तेजनात्मक भाषण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के बगैर लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर गर्भपात-गर्भ समापन औषधियों के विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एक अन्य आदेश में किरायेदारों, घरेलू कामगारों, व्यावसायिक कर्मचारियों, छात्रावासी विद्यार्थियों, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों, मजदूरों, पेइंग गेस्ट आदि की सूचना भी संबंधित थाने पर दिया जाना जरूरी किया गया है।




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुसाखेड़ी चौराहे पर मूसाखेड़ी के राजा वीर शिवाजी के साथ आराम करते हुए 10 दिन के लिए विराजे हैं आयोजक राजू प्रजापत ने बताया कि आयोजन का यह 26 व वर्ष है इस 26 वर्ष में गणेश जी को आराम करते हुए विराजित किया है और पूरे चौराहे को भगवा पताकाओ भगवामय कर दिया।**

## चोरी के आरोपियों से लाखों का माल जब्त

### 5 बाइक, 6 लेपटॉप, 8 घरेलू गैस सिलेंडर मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने चोर गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया, शहर में बाइक चोरी की वारदातों में लगातार इजाफा हो रहा था। पुलिस कई दिनों से चोर गिरोह के सदस्यों की तलाश कर रही थी। चोर गिरोह को पकड़ने के लिए पांच सदस्यों की टीम का गठन किया गया था। पुलिस को मिली सूचना पर चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों संतोष पिता कालू बुंदेला (18), रोशन पिता राधे श्याम बुंदेला (21), देवेंद्र पिता सरनाम सिंह (34), पुष्पेंद्र पिता दामोदर लोधी (30) को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई। आरोपियों से 5 बाइक, 6 लेपटॉप, 8 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 प्रिंटर, 1 तोल काटा जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों में एक पुष्पेंद्र हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिस पर कई अपराध दर्ज हैं। गिरोह को पकड़ने में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, सहायक उपनिरीक्षक के के परिहार, प्रधान आरक्षक सूरज तिवारी, महेश यादव, मनीष चौहान, विशाल भडक़ारे, विजय सिंह, मंजीत, रुपराव तनपुरे, आरक्षक शैलेंद्र भदोरिया, आकाश व साइबर सेल के आरक्षक सर्वेश सिंह, प्रशांत का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## यात्री प्रतीक्षालय पर एसडीएम बोले कब्जा धारी को नोटिस भेज दिया, कार्यवाही करेंगे

### ◆ मामला ग्राम पंचायत आगरा में यात्री प्रतीक्षालय में सब्जी की दुकान का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। ग्राम पंचायत आगरा में सरपंच के पिता ने यात्री प्रतीक्षालय पर कही दिनो से कब्जा जमा रखा है और सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर अपने निजी व्यापार व्यवसाय में इस्तमाल कर रहे थे आम आदमी और महिलाए सड़क किनारे खड़े रहते हैं। कही बार हादसा होने का भी डर बना रहता है। मामला देपालपुर प्रेस क्लब टीम के संज्ञान में आया और लगातार खबरें प्रकाशित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री प्रतीक्षालय पर सब्जी की दुकान गांव के ही सरपंच मनोज छाडीया के पिता ही लगाते है। सरपंच मनोज राजनितिक पार्टी से जुड़ा है और इसीलिए अपना राजनितिक रसूख दिखाने में पीछे नहीं हटता इसीलिए मनोज के पिता ने सरकारी यात्री प्रतीक्षालय पर कब्जा जमा रखा है ज्ञात रहे इन्दौर देपालपुर का मुख्य मार्ग है क्या किसी जिम्मेदार अधिकारी को यह अतिक्रमण नजर नहीं आया या फिर अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव है इसलिए वह कोई कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं।

इस मामले में प्रतिनिधि ने हातोद एसडीएम अजय भूषण शुक्ला से बात की गई तो उन्होने पहले तो पत्रकार को ही आवदेन देने को बोल दिया पत्रकार ने कहा सर पत्रकार कब से पार्टी बनने लग गए फिर एसडीएम ने कहा हमने नोटिस जारी किया है और कार्यलय से आधिकारी भेज कर दिखवाता हुं। सही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और यात्री प्रतीक्षालय खाली कराया जायेगा।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राष्ट्रपति आगमन के साथ ही आने वाले त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के लिए प्लान लागू किया है। पुलिस कमिश्नर ने शुक्रवार को कई प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। डोल ग्यारस पर निकलने वाले जुलूस के पहले खजराना पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लेग मार्च किया। वहीं, पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन व नेहरू पार्क में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था जांचने मॉक ड्रिल की।

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने बीएनएस के तहत कई प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। किसी भी पंप से डिब्बे, बोतल या खुले रूप में पेट्रोल, डीजल बेचा नहीं जाएगा। किसी भी तरह के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री पर भी प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल प्रैक्टिशनर के बगैर लिखी गर्भपात/ गर्भ समापन औषधियों के बेचने पर भी रोक लगाई गई है।

### सुरक्षा के लिए पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला

डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा की टीम ने शुक्रवार को खजराना समेत पूरे शहर में रैपिड एक्शन फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला। वहीं, सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस की टीम ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन और नेहरू पार्क में मॉकड्रिल की। सोशल मीडिया पर भड़काऊ और अफवाह वाली पोस्ट मिलने पर ग्रुप एडमिन जिम्मेदार होगा। किरायदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, होटल, लॉज, धर्मशाला में ठहरने वालों की सूचना संबंधित थाने पर देना जरूरी होगा।

## छात्रा को किया ब्लैकमेल अकाउंट में डलवाए रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाडिया थाने में शुक्रवार को बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा ने वर्ग विशेष के साथी छात्र के खिलाफ छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। बताया जाता है कि आरोपी ने पहले युवती का फोटो एडिट किया और उसे वायरल करने के नाम पर अकाउंट में रुपए डलवा कर उसे ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाइपास स्थित कॉलोनी में रहने वाली 19 साल की छात्रा ने बताया कि वह पलासिया इलाके के निजी कॉलेज में पढ़ाई करती है। यहीं सोहैल खान निवासी कनाडिया भी पढ़ाई करता है। छात्रा ने बताया कि सोहेल अलग सेक्शन में है। लेकिन वह उसे फर्स्ट ईयर से जानती है। एक स्ट्रीम के चलते दोस्तों के साथ घूमना-फिरना होता रहता है। सोहैल ने मोबाइल से दोस्तों के साथ फोटो खिंचे थे। उसे एडिट कर न्यूड फोटो बनाए। 28 जनवरी के आसपास सोहैल ने वह फोटो उसे दिखाई। डराते हुए हाथ से मोबाइल छीन लिया। उसमें से कुछ और फोटो अपने मोबाइल पर शेयर कर ली। सोहैल ने कहा कि या तो उसके साथ फिजिकल रिलेशन बनाए या चुप रहने के लिए रुपए दे। सोहैल ने दोस्त के माध्यम से 13 हजार 5 सौ रुपए केश ले लिए। इसके बाद वह आते-जाते पीछा करने लगा। टिंकुज कैफे के पास से कुछ दिन पहले सोहैल ने धमकी देकर कार में बैठाया और अश्लील हरकत की। फिर रिलेशन बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। उसकी बात नहीं मानी तो उसने कुछ फोटो दोस्तों को शेयर कर दी। उसकी हरकतें बढने लगी, तो परेशान होकर परिवार को जानकारी दी। शुक्रवार को छात्रा थाने पहुंची और केस दर्ज करवा दिया।

## चोरी की कार काटने के मामले में फरार बदमाश धराए

इंदौर। चोरी की कार काटकर उसके पार्ट्स बेचने वाले बदमाश को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया है। बदमाश लंबे समय से फरारी काट रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर देवास पुलिस अधीक्षक ने दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी पर राजगढ़ जिले की तलेन और धार जिले के सरदारपुर थाने में भी इस प्रकार के केस दर्ज हैं। बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने फरार चल रहे इनामी बदमाशों की धरपकड़ अभियान चल रहा है। अभियान अंतर्गत क्राइम ब्रांच को मुखबीर से सूचना मिली की अनाधिकृत रूप से वाहन काटने के मामले में फरार चल रहा आरोपी खजराना क्षेत्र में देखा गया है। सूचना पर सादी वर्दी में पुलिस जवानों को खजराना क्षेत्र में तैनात किया गया। मशक्कत के बाद पुलिस ने खजराना से मोहम्मद शकील पिता रफीक अली को पकड़ा। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के डिस्पोजल व्यापारी आजम अली उर्फ अज्जू पिता अशरफ अली निवासी हबीब कॉलोनी खजराना के साथ कार काटना स्वीकार किया है।

## युवक ने लगाई खाई में छलांग

इंदौर। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले पर्यटक स्थल पातालपानी में स्थित रेलवे की टनल के पास से इंदौर का एक युवक खाई में जा कूदा। जानकारी लगते ही बडगोंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को रस्सी और ग्रामीणों की मदद से खाई में से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। बडगोंदा थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि युवक का नाम अक्षत है, जो की इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। युवक की कनाडिया थाने में गुमशुदगी भी दर्ज है। युवक शुक्रवार रात से खाई में गिरा हुआ है, शनिवार सुबह जब यहां से निकल रहे ग्रामीणों ने चिल्लाने की आवाज सुनी तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस जवानों ने मौके पर जा कर युवक को देखा तो उसके हाथ-पैर टूटे हुए थे और गले पर भी घाव के निशान थे।

# मप्र में 4 नदियां उफान पर, 100 गांवों का संपर्क टूटा

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 200 सड़कें बंद, चारधाम यात्रा रुकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल में आसन, क्वारी, सिंध और चंबल नदियां उफान पर हैं। कई जगह पुल और रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है। इसकी वजह से 100 से अधिक गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया है।**

तेज बारिश के कारण मुरैना में ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में गिर गई। इसमें 3 लोग बह गए। एक को बचा लिया गया, जबकि 2 की तलाश जारी है। वहीं, धर्मपुरा में 6 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई।

उत्तर प्रदेश तेज बारिश के कारण 48 घंटे में 21 लोगों की मौत हुई। राज्य में कई जगह गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। बुंदेलखंड के जालौन, महोबा, ललितपुर में भी नदियां उफान पर हैं। झांसी में 3 दिन में 267mm बारिश रिकॉर्ड की गई है।

उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से जारी भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी और काली नदियां उफान पर हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इन नदी के किनारे न जाएं। लैंडस्लाइड के कारण 200 सड़कें भी बंद हैं। चारधाम यात्रा रोक दी गई है।



**प्रयागराज- वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ा-** उत्तर प्रदेश में तेज बारिश के चलते प्रयागराज और वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। प्रयागराज में गंगा हनुमान मंदिर तक पहुंच गई। वहीं, वाराणसी में भी शुक्रवार को गंगा का जलस्तर 65.30 मीटर था, जो कि शनिवार सुबह तक 65.55 मीटर पर पहुंच गया। गंगा का खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा में NDRF और जल पुलिस की निगरानी में नावों का संचालन हो रहा है।

### 15 सितंबर को 11 राज्यों में 7 सेमी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड में बहुत भारी बारिश (12 सेमी तक) हो सकती है।

छत्तीसगढ़, गंगा के पास वाले पश्चिम बंगाल के इलाके, बिहार, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश (7 सेमी तक) का अनुमान है।

## मां ने बेटा-बेटी का गला दबाया, खुद फंदे पर झूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में गढ़ाकोटा के रामबाग वार्ड में मां ने बेटा और बेटी का गला दबाया और खुद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वारदात में डेढ साल की बेटी की जान बच गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है। प्राथमिक जांच में वारदात के बीच पारिवारिक कलह सामने आ रही है। हालांकि पुलिस मर्ग कायम कर वारदात की हर बिंदु पर जांच कर रही है। शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार रामबाग वार्ड निवासी देवी पटेल गुरुवार रात करीब 9 बजे बाजार से अपने घर पहुंचे। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने पत्नी रीना पटेल को आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखा तो अंदर पत्नी फंदे पर झूल रही। यह देख देवी ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। अंदर से बंद दरवाजे को तोड़कर खोला गया। परिवार के लोग अंदर पहुंचे तो देखा 8 साल की बेटा नीरज पटेल पलंग पर बेहोश पड़ा है। वहीं बाजू में जमीन पर डेढ साल की बेटी परी पटेल बेहोश पड़ी थी। रीना फंदे पर झूल रही थी। परिवार वालों ने रीना को फंदे से उतारा और बेटा-बेटी को लेकर तत्काल गढ़ाकोटा अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद मां रीना और बेटे नीरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं परी को गंभीर हालत में बीएमसी में भर्ती कराया गया है। मृतका रीना का पति देवी पटेल की घर से कुछ दूरी पर पंचर और साइकिल सुधारने की दुकान है। घटनाक्रम के दौरान पति घर पर नहीं था। वह शाम 7 बजे घर से गया था जो रात 9 बजे लौटकर आया। पति के घर आने पर वारदात का खुलासा हुआ है।



मेयर मैडम की गाड़ी का नंबर 'BOSS'...

# 'दबंग' टीआई ने ऑफिस में घुसकर काटा चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा जिले के मेयर की गाड़ी का चालान कट गया है। चालान सड़क पर नहीं, मेयर के ऑफिस में खड़ी गाड़ी का कटा है। गाड़ी के नंबर प्लेट पर नंबर की जगह बॉस लिखा हुआ था। टीआई ने शिकायत मिलने के बाद मेयर मैडम की गाड़ी का चालान काट दिया है। मेयर बीजेपी की हैं। इस कार्रवाई के बाद खंडवा में सियासी घमासान छिड़ गया है।**



कार्रवाई के दौरान मेयर की गाड़ी के आसपास कांग्रेस के पार्षद और निगम में नेता प्रतिपक्ष दीपक राठौड़ भी मौजूद रहे, जिन्होंने खड़े रहकर ट्रैफिक टीआई को इस काम में सहयोग किया। यही नहीं जब मेयर की गाड़ी के ड्राइवर को चालान की रिसिप्ट देने और उसकी फीस अदा करने के लिए आवाज लगाई गई, तब वहां कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता दीपक राठौड़ ने ही चालान की रकम ट्रैफिक पुलिस को अदा की। बीजेपी महापौर का यह वाहन शासकीय वाहन है, जो उन्हें नगर निगम की ओर पद की गरिमा को देखते हुए दिया गया है। वहीं, इस वाहन पर नंबरों की जगह बॉस लिखा हुआ प्रतीत होता था। खंडवा नगर निगम में शुक्रवार को निगम की साधारण सभा बुलाई गई थी। इस दौरान जहां निगम के सभागार में हंगामा चल रहा था तो वहीं निगम परिसर में भी कांग्रेस पार्षदों सहित नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर हंगामा कर रहे थे। यह हंगामा निगम परिसर में खड़ी महापौर की गाड़ी को लेकर था, जिस फैंसी नंबर था। उस पर लिखे नंबर इस तरह से लिखे गए थे कि वे अंग्रेजी के BOSS शब्द दिखाई दे रहे थे, जिसके बाद इसकी सूचना ट्रैफिक थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक टीआई सौरभ कुशवाह ने भी महापौर के वाहन के नंबर प्लेट को नियम विरुद्ध पाया। इसके बाद ट्रैफिक टीआई ने मौके पर ही महापौर की गाड़ी का चालान खुद अपने हाथों से काट दिया। हालांकि, इस चालान को अदा करने के लिए महापौर की गाड़ी के ड्राइवर का आवाज लगाई गई। लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं था, जिसके बाद आसपास खड़े कांग्रेस पार्षद और निगम के नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करते हुए खुद अपनी जेब से ही 500 रुपए का चालान भी अदा कर दिया। खंडवा नगर निगम में बीजेपी की महिला महापौर अमृता अमर यादव उस वाहन का इस्तेमाल करती हैं, जिसका चालान काटा गया है। वहीं, यह वाहन शासकीय वाहन होकर महापौर को नगर निगम की तरफ से इस्तेमाल करने के लिए दिया गया है, जिस पर वाहन के सामने की तरफ महापौर की नेम प्लेट के साथ ही उसके नीचे बड़े अक्षरों में वाहन क्रमांक 8055 को इस तरह से लिखा गया था कि वह अंग्रेजी के BOSS अक्षर की तरह दिख रहा है।

## उद्घाटन से पहले ही अस्पताल का पहला तल डूबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भिंड। गोहद में बेसली डेम के पास चार मंजिला अस्पताल की नवीन इमारत का ढांचा बनकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में नवीन इमारत के पहले तल पर पानी भरा हुआ है। निर्माणाधीन अस्पताल डैम के डूब क्षेत्र में इसके चलते खामियाज भविष्य में अस्पताल प्रबंधन व मरीजों को भुगतना पड़ सकता है। बेसली डेम के पास 29 सितंबर 2020 में 100 बिस्तर का अस्पताल बनाए जाने का काम शुरू किया गया था। 16.68 करोड़ रुपये की लागत से नवीन अस्पताल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। 15 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। जिस जगह अस्पताल का निर्माण कराए जाने के लिए जमीन चिह्नित की गई है वह डूब प्रभावित क्षेत्र में है, फिर भी तत्कालीन प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात को नजर अंदाज करते हुए निर्माण की अनुमति दे दी।



## पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की, फिर थाने पहुंचा



किरण, मृतका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर।** अशोक नगर में युवक ने कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद घर में ताला लगाया और थाने पहुंच गया। पुलिस से कहा- मैंने पत्नी को मार डाला है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामला शंकर कॉलोनी में शुक्रवार सुबह साढ़े 8 से 9 बजे के बीच का है। वारदात के वक्त दंपती घर में अकेले थे। दोनों बच्चे स्कूल गए थे। महिला के भाई ने पुलिस को बताया, 'बहन किरण (36) की शादी साल 2003 में दशरथ रजक से हुई थी। परिवार अशोक नगर की शंकर कॉलोनी में रहता है। किरण आसपास के लोगों के यहां मेड का काम करती थी। दशरथ, किरण के चरित्र पर शक करता था इसलिए डेढ़ साल पहले उसका काम छुड़वा दिया। दशरथ खुद भी कोई काम नहीं करता था। ऐसे में घर में खाने के लाले पड़े रहते थे। दशरथ, किरण को मायके से पैसे लाने के लिए परेशान करता था। कई बार मारपीट भी की। हमने कई बार उन लोगों की मदद भी की थी। उसने किरण को क्यों मार डाला, पता नहीं।'

## कटनी में फिर मिला तेंदुए का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में एक बार फिर तेंदुए का शव मिला है। जिसकी सूचना मिलते ही पूरे वन विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्वाल बाबा के जंगलों में देर शाम स्थानीय लोगों ने तेंदुए का शव देखा था, जिसकी जानकारी उन्होंने तत्काल बीट गार्ड सहित वन विभाग के आलाधिकारियों तक पहुंचाई। जिसके बाद कटनी वन विभाग की टीम रेंजर अखिलेश अड़कने के साथ मौके पर जा पहुंची। टीम ने पूरे इलाके को सील करते हुए तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर भेजा है। वन परिक्षेत्र में मिले तेंदुए के शव को वन विभाग शुरुआती जांच में शिकार की घटना मान रहा है। ऐसे में डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाकर घटनास्थल के करीब 1 किमी परिधि क्षेत्र में में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

## संपादकीय

# कड़े कदम उठाए जा सकेंगे

भ्रष्टाचार पूरी दुनिया के सामने विकास और खुशहाली की राह में बहुत बड़ा रोड़ा है। इसलिए लगभग हर देश ने इस पर अंकुश लगाने का तंत्र विकसित कर रखा है। प्रशासन की जवाबदेही तय करने की कोशिशें की जाती हैं। मगर हमारे यहां इस मामले में ज्यादातर नाकामी ही नजर आती है। इसलिए लंबे समय से मांग की जाती रही कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन संबंधी कानून बनना चाहिए। करीब ग्यारह वर्ष पहले इसे लेकर बड़ा आंदोलन हुआ, जिसके दबाव में लोकपाल अधिनियम पारित हुआ। मगर लोकपाल की नियुक्ति का मामला करीब पांच वर्ष तक इस तर्क के आधार पर टलता रहा कि लोकसभा में कोई विपक्ष का नेता नहीं था। लोकपाल अध्यक्ष की नियुक्ति में विपक्ष के नेता का होना जरूरी है। आखिरकार पांच वर्ष पहले लोकपाल का गठन हुआ, मगर अभी तक वह पूरी तरह कार्य करने की स्थिति में नहीं आ सका है। अब लोकपाल के जांच प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में लोकपाल अध्यक्ष के अधीन एक जांच निदेशक होगा, जिसे तीन पुलिस अधीक्षक मदद करेंगे। प्रत्येक पुलिस अधीक्षक को जांच अधिकारी और अन्य कर्मचारियों की सहायता प्रदान की जाएगी। इस तरह उम्मीद बनी है कि अब लोकसेवकों की अनियमितताओं के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाए जा सकेंगे। हालांकि भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत पहले से कई जांच एजंसियां काम करती हैं। हर महकमे के कर्मचारी पर वहां का सतर्कता विभाग नजर रखता और उसके खिलाफ शिकायतों का निपटारा करता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग भी संबंधित मामलों में जांच करते ही हैं। मगर प्रशासनिक सुधार आयोग का मानना था कि लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से लोकसेवकों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई हो सकेगी। दूसरी जांच एजंसियों पर चूंकि राजनीतिक प्रभाव अधिक देखा गया है, इसलिए उनसे भ्रष्टाचार के मामले में निष्पक्षता की उम्मीद धुंधली बनी रहेगी। पर शायद सरकारों को लोकपाल और लोकायुक्त के गठन से इसीलिए हिचक पैदा होती रही कि उसके दायरे में प्रधानमंत्री तक को रखा गया है। फिर, लोकपाल और लोकायुक्त स्वतंत्र निकाय की तरह काम करेंगे, उन्हें दूसरी एजंसियों की तरह किसी अधिकारी के खिलाफ जांच करने के लिए संबंधित विभाग से अनुमति की जरूरत नहीं होगी। कई सरकारों को लगता रहा है कि इस तरह उनके कामकाज में बाधा पड़ सकती है। शायद यही कारण है कि अब भी कई राज्य सरकारों ने अपने यहां लोकायुक्त का गठन नहीं किया है।

# मूर्ख बगुला और नेवला

कई सालों पहले की बात है, एक जंगल में एक बरगद का पेड था। उस बरगद के पेड पर एक बगुला रहा करता था। उसी पेड के नीचे एक बिल में एक सांप भी रहता था। वह सांप बडा ही दुष्ट था। अपनी भूख मिटाने के लिए वह बगुले के छोटे-छोटे बच्चों को खा जाया करता था। इस बात से बेचारा बगुला बहुत परेशान था।



एक दिन की बात है, सांप की हरकतों से परेशान होकर बगुला नदी के किनारे जाकर बैठ गया। बैठे-बैठे अचानक उसकी आंखों में आंसू आ गए। बगुले को रोता देख नदी में से एक केकड़ा बाहर आया और बोला, "अरे बगुला भैया, क्या बात है? यहां बैठे-बैठे आंसू क्यों बहा रहे हो? क्या परेशानी है?"

केकड़े की बात सुनकर बगुला बोला, "क्या बताऊं केकड़े भाई, मैं तो उस सांप से परेशान हो गया हूं। वह बार-बार मेरे बच्चों को खा जाता है। घोंसला चाहे जितना भी ऊपर बनाऊं, वह ऊपर चढ़ ही जाता है। अब तो उसके कारण दाना पानी लेने के लिए घर से कहीं जाना भी मुश्किल हो गया है। तुम ही कोई उपाय बताओ।"

बगुले की बात सुनकर केकड़े ने सोचा कि बगुला भी तो अपना पेट भरने के लिए उसके परिवार वालों और दोस्तों को खा जाता है। क्यों न ऐसा कोई उपाय किया जाए कि सांप के साथ साथ बगुले का भी खेल खत्म हो जाए। तभी उसे एक उपाय सूझा।

उसने बगुले से कहा, "एक काम करो बगुला भैया। तुम्हारे पेड़ से कुछ ही दूर नेवले का बिल है। तुम सांप के बिल से लेकर नेवले के बिल तक मांस के टुकड़े बिछा दो। नेवला जब मांस खाते हुए सांप के बिल तक आएगा तो वह सांप को भी मार देगा।"

बगुले को यह उपाय सही लगा और उसने ठीक वैसा ही किया जैसा केकड़े ने कहा, लेकिन इसका परिणाम उसे भी भुगतना पड़ा। मांस के टुकड़े खाते-खाते जब नेवला पेड़ के पास आया तो उसने सांप के साथ बगुले को भी अपना शिकार बना लिया।

### कहानी से सीख

दोस्तों, इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि किसी की भी बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करना चाहिए। साथ ही उसके परिणाम और दुष्परिणाम के बारे में भी सोच लेना चाहिए।

# जैसे को तैसा

एक बार की बात है सीतापुरी गांव में जीर्णधन नाम का एक बनिया रहता था। उसका काम कुछ अच्छा नहीं चल रहा था, इसलिए उसने धन कमाने के लिए विदेश जाने का फैसला किया। उसके पास कुछ ज्यादा पैसे या कोई कीमती वस्तु नहीं थी। सिर्फ उसके पास एक लोहे का तराजू थी। उसने वो तराजू साहूकार को धरोहर के रूप में दे दिया और बदले में कुछ रुपये ले लिए। जीर्णधन ने साहूकार से कहा कि वह विदेश से लौटकर अपना उधार चुका कर तराजू वापस ले लेगा।



जब दो साल बाद वह विदेश से लौटा, तो उसने साहूकार से अपना तराजू वापस मांगा। साहूकार बोला कि वो तराजू तो चूहों ने खा लिया। जीर्णधन समझ गया कि साहूकार की नियत खराब हो गई है और वह तराजू वापस करना नहीं चाहता। तभी जीर्णधन के दिमाग में एक चाल सूझी। उसने साहूकार से कहा कि कोई बात नहीं अगर तराजू चूहों ने खा लिया है, तो इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है। सारी गलती उन चूहों की है।

थोड़ी देर बाद उसने साहूकार से कहा कि दोस्त मैं नदी में नहाने जा रहा हूं। तुम अपने बेटे धनदेव को भी मेरे साथ भेज दो। वो भी मेरे साथ नहा आएगा। साहूकार, जीर्णधन के व्यवहार से बहुत खुश था, इसलिए उसने जीर्णधन को सज्जन पुरुष जानकर अपने बेटे को उसके साथ नहाने के लिए नदी पर भेज दिया।

जीर्णधन ने साहूकार के बेटे को नदी से से कुछ दूर ले जाकर एक गुफा में बंद कर दिया। उसने गुफा के दरवाजे पर बड़ा-सा पत्थर रख दिया, जिससे साहूकार का बेटा बचकर भाग न पाए। साहूकार के बेटे को गुफा में बंद करके जीर्णधन वापस साहूकार के घर आ गया। उसे अकेला देखकर साहूकार ने पूछा कि मेरा बेटा कहां हैं। जीर्णधन बोला कि माफ करना दोस्त तुम्हारे बेटे को चील उठाकर ले गई है।

साहूकार हैरान रह गया और बोला कि ये कैसे हो सकता है? चील इतने बड़े बच्चे को कैसे उठा ले जा सकती है? जीर्णधन बोला जैसे चूहे लोहे के तराजू को खा सकते हैं, वैसे ही चील भी बच्चे को उठाकर ले जा सकती है। अगर बच्चा चाहिए, तो तराजू लौटा दो।

जब अपने ऊपर मुसीबत आई तब साहूकार को अक्ल आई। उसने जीर्णधन का तराजू वापस कर दिया और जीर्णधन ने साहूकार के बेटे को आजाद कर दिया।

### कहानी की सीख

जो जैसा व्यवहार करता है उसके साथ वैसा व्यवहार करो, ताकि उसे अपने गलती का अहसास हो जाए।

New Delhi

सुप्रीम कोर्ट बोला-

# बुलडोजर एक्शन कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (12 सितंबर) को कहा कि बुलडोजर एक्शन देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा है। किसी के अपराध में शामिल होने का आरोप उसकी संपत्ति ध्वस्त करने का आधार नहीं हो सकता। कोर्ट ने गुजरात सरकार से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है।**

जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने एक घर गिराने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। सितंबर में यह दूसरा मौका है, जब SC ने बुलडोजर एक्शन पर नाराजगी जाहिर की है। इससे पहले 2 सितंबर को कोर्ट ने कहा था कि किसी केस में व्यक्ति दोषी भी हो, तब भी



ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। दरअसल, गुजरात में नगरपालिका की तरफ से एक परिवार को बुलडोजर एक्शन की धमकी दी गई थी। याचिकाकर्ता गुजरात के खेड़ा जिले के कठलाल में एक जमीन का सह-मालिक है। उनके खिलाफ 1 सितंबर 2024 को एक मामले में FIR दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता के अनुसार, FIR दर्ज होने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने उसके घर पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी। उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आरोपी के परिवार की तीन पीढ़ियां लगभग दो दशकों से उस घर में रह रही हैं। याचिकाकर्ता की दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपी के खिलाफ अपराध को कानूनी प्रक्रिया के जरिए कोर्ट में साबित किया जाना चाहिए। जिस देश में कानून सर्वोच्च है, वहां ऐसी धमकियों को कोर्ट नजरअंदाज नहीं कर सकता।

Jammu

# पीएम नरेंद्र मोदी की कश्मीर यात्रा से पहले धड़ाधड़ एनकाउंटर, अब तक कई आतंकी ढेर



**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। वैसे तो पिछले 42 साल में पहली बार ऐसा होगा जब कोई प्रधानमंत्री कश्मीर में रैली को संबोधित करेगा। लेकिन सुरक्षा के नजरिए यह काफी संवेदनशील भी है। पीएम मोदी की कश्मीर यात्रा से पहले यहां पर एनकाउंटर करके आतंकियों को ठिकाने लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर को मतदान होगा जबकि दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर और तीसरा चरण के तहत एक अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती चार अक्टूबर को होगी। अगर बात करें तो इस साल अभी तक अलग-अलग आतंकी हमलों में 14 सुरक्षा जवान शहीद हो चुके हैं। इसके अलावा 11 आम लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है। सुरक्षा बलों ने यहां पर 11 आतंकियों को मार गिराया है। जम्मू कश्मीर में हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की रैली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा चुनाव को देखते हुए भी इस केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए जबकि दो अन्य घायल हो गए।

Haryana

# छात्राओं को हिजाब पहनाने पर हंगामा

**सोनीपत, (एजेंसी)** हरियाणा के सोनीपत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के गांव बड़ौली के सरकारी स्कूल में हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनाने पर बवाल हो गया। छात्राओं को ये हिजाब शिक्षकों ने पहनाए थे। इसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों के सदस्य और स्थानीय लोग स्कूल में पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।



उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू छात्राओं को उनके धर्म के प्रति बरगलाया जा रहा है। हालांकि, स्कूल के प्रिंसिपल का कहना है कि ईद के उपलक्ष्य में सर्व धर्म कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। उसमें छात्राओं ने प्रस्तुति दी थी। इसके बाद प्रिंसिपल ने माफी भी मांगी। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ तो मौके पर पुलिस को तैनात की गई।

Bihar

# डॉक्टर ने जबरदस्ती की तो नर्स ने काटा प्राइवेट पार्ट

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** समस्तीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स के साथ गैंगरेप की कोशिश की गई है। नर्स ने समय रहते खुद को बचा लिया और अपने बचाव में डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड मारी और भाग गई। नर्स ने मक्का के खेत में छिपकर पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना 12 सितंबर की रात की है।

घटना मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर के पास एक निजी अस्पताल की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नशे की हालत में डॉक्टर संजय कुमार संजू और उसके 2 दोस्तों को गिरफ्तार किया है। डॉक्टर की स्थिति गंभीर होने की वजह से पहले सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद DMCH



रेफर कर दिया गया है। यहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर के दोनों दोस्त को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 'आरोपियों ने प्लानिंग के तहत घटना को अंजाम दिया। अस्पताल का सीसीटीवी बंद था। मुझे कमरे में बुलाया। तीनों वहां शराब पार्टी कर रहे थे। पहुंचते ही मुझ पर टूट पड़े।'

खेल

# जगदीशन-ईश्वरन ने इंडिया बी को दिलाई शानदार शुरुआत, इंडिया डी के कप्तान श्रेयस अय्यर फ्लॉप रहे

**अनंतपुर।** ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली इंडिया सी के विशाल स्कोर के जवाब में एन जगदीशन और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार अर्धशतक लगाकर दलीप ट्रॉफी मुकाबले में इंडिया बी को अच्छी शुरुआत दिलाई। अनंतपुर में खेले जा रहे इस मैच में इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन बनाए। जवाब में दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक इंडिया बी ने पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 124 रन बना लिए हैं, लेकिन वह अभी 401 रन पीछे चल रही है। स्टंप के समय जगदीशन 67 रन और ईश्वरन 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

इससे पहले, इंडिया सी ने पांच विकेट पर 357 रन से आगे शुरुआत की। टीम के लिए कप्तान ऋतुराज ने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद वह 58 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। हालांकि, मानव सुथार ने अपनी पारी जारी रखी और वह धीरे-धीरे



शतक की ओर बढ़ने लगे, लेकिन राहुल चाहर ने उन्हें आउट किया। सुथार 82 रन बनाकर अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। इंडिया सी हालांकि विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा जिसमें सर्वाधिक योगदान ईशान किशन का रहा जिन्होंने पहले दिन शतक जड़ा था। इंडिया बी के लिए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और राहुल चाहर ने चार-चार विकेट झटके।

**इंडिया ए ने इंडिया डी के खिलाफ बनाई बढ़त-** एक अन्य मुकाबले में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली इंडिया ए ने श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले इंडिया डी के खिलाफ 222 रनों की बढ़त बना ली है। इंडिया ए ने दूसरे दिन पहली पारी आठ विकेट पर 288 रन से शुरू की थी, लेकिन सिर्फ दो ही रन और जोड़ सकी और 290 रन पर इंडिया ए की पहली पारी सिमट गई। इसके बाद इंडिया ए ने खलील अहमद और आकिब खान की शानदार गेंदबाजी से इंडिया डी की पहली पारी 183 रन पर ऑलआउट कर दी और 107 रनों की बढ़त हासिल की। इंडिया डी के लिए देवदत्त पडिक्कल ने 124 गेंदों पर 15 चौकों की मदद से 92 रन की पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। यहां तक की टीम के कप्तान श्रेयस तो खाता भी नहीं खोल सके। इंडिया ए के लिए खलील और आकिब ने तीन-तीन विकेट लिए।

**मयंक-प्रथम की शानदार साझेदारी -** पहली पारी में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहने के बाद इंडिया ए कप्तान मयंक अग्रवाल ने दूसरी पारी में अपनी छाप छोड़ी और सलामी बल्लेबाज प्रथम सिंह के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 115 रन जोड़े। मयंक के आउट होते ही दिन के खेल की समाप्ति की घोषणा कर दी गई। मयंक 56 रन बनाकर आउट हुए, जबकि स्टंप के समय प्रथम 59 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

सिनेमा

# ईशा देओल को जब एक शख्स ने इवेंट में गलत तरीके से छुआ, एक्ट्रेस ने कहा- मैंने भीड़ से बाहर निकाला और जड़ा थप्पड़'

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस हेमा मालिनी और एक्टर धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल हिंदी सिनेमा का एक जाना माना नाम हैं। ईशा ने बॉलीवुड में 'कोई मेरे दिल से पूछे' फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद वो 'धूम', 'न तुम जानो न हम', 'कुछ तो है' जैसी कई फिल्मों में नजर आईं। बीते दिनों ईशा, भरत तख्तानी संग अपने तलाक को लेकर खूब सुर्खियों में रहीं। इसी बीच अब ईशा ने अपने एक इंटरव्यू में खुद के साथ हुई एक ऐसी घटना के बारे में बताया, जिससे वो काफी शॉक्ड हो गई थीं। एक फिल्म के प्रीमियर पर ईशा को एक शख्स ने गलत तरीके से छूने की कोशिश की थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने उसे ऐसा सबक सिखाया कि वो कभी भूल ही नहीं पाएगा।



ईशा देओल ने 'द मेल फेमिनिस्ट' के एक एपिसोड में बात चीत के दौरान खुद के साथ हुई एक छेड़छाड़ की घटना का याद किया। ईशा ने बताया, 'यह घटना साल 2005 में पुणे में दस के प्रीमियर इवेंट के दौरान हुई थी, जहां संजय दत्त, सुनील शेट्टी, जायद खान और अभिषेक बच्चन सहित उनके कई को-स्टार मौजूद थे। बाउंसरों से घिरे होने के बावजूद, भीड़ में से एक आदमी ने उन्हें गलत तरीके से छुआ और ये तब हुआ जब वो इवेंट में एंट्री कर रही थीं।'

इसके बाद ईशा ने बताया, 'जब मैं एंट्री कर रही थी, उस वक्त मैं कई हट्टे-कट्टे बाउंसरों से घिरी हुई थी, तो भीड़ में से एक व्यक्ति ने मुझे गलत तरीके से छुआ। इसके बाद मैंने किसी इधर-उधर नहीं देखा और फिर इस व्यक्तिक का पकड़ा और उसे भीड़ से बाहर निकाला और सबके सामने एक जोरदार थप्पड़ जड़ा।'

## Highlights

1. **PM Modi to address rally in Doda in 1st visit by a PM in over 40 yrs**
2. **Our troops disengaged in 4 areas in Ladakh: China after Jaishankar's 75% remark**
3. **Who was 'Blair' after whom India's Port Blair was named?**
4. **Spent night in freezing trench without food: Indian forced to fight Russia-Ukraine war**
5. **3 terrorists killed in encounter in J&K's Baramulla**

# Ten Unknown Facts About #BMW



1. Founding and History: BMW, Bayerische Motoren Werke AG, was founded in 1916 in Munich, Germany, initially producing aircraft engines. The company transitioned to motorcycle production in the 1920s and eventually to automobiles in the 1930s.
2. Iconic Logo: The BMW logo, often referred to as the "roundel," consists of a black ring intersecting with four quadrants of blue and white. It represents the company's origins in aviation, with the blue and white symbolizing a spinning propeller against a clear blue sky.
3. Innovation in Technology: BMW is renowned for its innovations in automotive technology. It introduced the world's first electric car, the BMW i3, in 2013, and has been a leader in developing advanced driving assistance systems (ADAS) and hybrid powertrains.
4. Performance and Motorsport Heritage: BMW has a strong heritage in motorsport, particularly in touring car and Formula 1 racing. The brand's M division produces high-performance variants of their regular models, known for their precision engineering and exhilarating driving dynamics.
5. Global Presence: BMW is a global automotive Company
6. Luxury and Design: BMW is synonymous with luxury and distinctive design, crafting vehicles that blend elegance with cutting-edge #onlineearnmoney
7. Sustainable Practices: BMW has committed to sustainability, incorporating eco-friendly materials and manufacturing processes into its vehicles, as well as advancing electric vehicle technology with models like the #onlineearning
8. Global Manufacturing: BMW operates numerous production facilities worldwide, including in Germany, the United States, China, and other countries, ensuring a global reach and localized production.
9. Brand Portfolio: In addition to its renowned BMW brand, the company also owns MINI and Rolls-Royce, catering to a diverse range of automotive tastes and luxury segments.
10. Cultural Impact: BMW's vehicles often become cultural icons #

# EU break-up order to Google unlikely for now, sources say




**NEW DEIHI, (Agency).** EU antitrust officials are considering ordering Alphabet's Google to end anti-competitive practices in its adtech business, but will not order a breakup as they had previously warned, people with direct knowledge of the matter said.

European Union regulators are due to issue a decision with a hefty fine in the coming months after antitrust chief Margrethe Vestager last year threatened to break up Google's lucrative adtech business.

If this threat had been carried through in what would be a first for an antitrust case, it would have been the harshest regulatory penalty to date against Google, after Vestager charged it with favouring its own advertising services.

But competition officials will likely not issue a breakup order because of the complexity involved, the people said.

A break-up order could come at a later stage if Google continues its anti-competitive practices, they said, pointing to a precedent setting case involving Microsoft two decades ago.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक